दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 18 अप्रैल 2021
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जोबी क्षेत्र में लावारिश मिले महुआ पास को किया गया नष्ट



**रायगढ़।** शनिवार को पुलिस चौकी जोबी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रेमसाय भगत स्टाफ के साथ चौकीक्षेत्र में ग्राम भ्रमण कर होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों की जांच कर रहे थे, इसी दौरान ग्राम जोबी के बाहर शराब बनाने के लिये महुआ पास रखे होने की सूचना मिला। सूचना पर मौके पर जाकर प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ करीब 15 किलो महुआ पास का नष्टीकरण किया गया। पुलिस स्टाफ को आसपास कोई भी व्यक्ति नहीं मिला।

### 16 मई को आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा स्थगित

**रायगढ़ ।** जवाहर नवोदय विद्यालय भुपदेवपुर जिला रायगढ़ में कक्षा 6 वी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2021 दिनांक 16 मई 2021 को रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडो के परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित होना था, किन्तु प्रशासनिक कारणों से उक्त परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। पुनर्निर्धारित तिथि, चयन परीक्षा की तिथि से पूर्व में अधिसूचित की जायेगी।

### नाबालिग लड़की लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** नाबालिग लड़की के लापता हो जाने की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह निवासी पीड़ित 35 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 15 अप्रैल को शाम 6 बजे प्रार्थी की नाबालिग बेटी 16 वर्ष घर से बिना बताए कही चली गई है। पीड़ित ने आशंका जतायी है कि किसी ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### नक्सलियों ने पंचायत सचिव की गला रेतकर की हत्या

**नारायणपुर। (आरएनएस)।** जिले के ओरछा ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव हरक चौधरी की नक्सलियों ने ग्राम रोहताड़ में जनअदालत लगाकर गला रेतकर हत्या कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओरछा ब्लॉक के अंतर्गत पोचावाड़ा के ग्राम पंचायत सचिव हरक चौधरी ग्रामसभा के लिए आश्रित ग्राम रोहताड़ गए थे। इसी दौरान 20-25 वर्दीधारी नक्सली आए और जनअदालत लगाई और ग्रामसभा का निर्वहन करने गए पंचायत सचिव हरक चौधरी को शुक्रवार की देर शाम कों मौत के घाट उतार दिया है। नारायणपुर एसपी मोहित गर्ग ने बताया कि इस तरह की सूचना मिली है। पूरी जानकारी पता करने के लिए ओरछा थाना प्रभारी को निर्देश दिए गये हैं।

### राईस मिल में नरकंकाल मिलने से फैली सनसनी

**रायपुर। (आरएनएस)।** रायपुर 7 राजधानी के समता कॉलोनी इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब निजी राइस मिल में नर कंकाल मिला. इसकी खबर फैलते ही लोग सकते में आ गए. देखते ही देखते इसकी सूचना पुलिस तक भी पहुंची जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के मुताबिक मामला आजाद चौक थाना इलाके का है. नूतन राइस मिल में यह नरकंकाल मिला है. लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पार्षद को दी, जिसके बाद पार्षद ने पुलिस को इसकी जानकारी पहुंचाई. जानकारी मिलने के बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची. शव कई टुकड़ों में बंटे हुए थे. पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह 60 से 65 साल के बुजुर्ग का नर कंकाल लग रहा है जो करीब 10 से 15 दिन ही पुराना है. लाश को कुत्तों ने नोच नोच कर खाया है जिसके चलते इसते टुकड़े कई जगहों पर पड़े हुए हैं. पुलिस के लिए शव को पहचानना बेहद मुश्किल है इसलिए पुलिस थाने में हुई लापता की शिकायतों की पड़ताल करने में जुट गई है.

# कन्टेनमेन्ट अवधि में वृद्धि, अब 27 अप्रैल तक जिले में रहेगा लॉकडाउन

## सब्जी एवं फल केवल स्ट्रीट वेंडर या ठेले के माध्यम से सुबह 7 दोपहर 1 बजे तक कर सकेंगे विक्रय

### » कलेक्टर भीम सिंह ने जारी किया आदेश



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा रायगढ़ जिलांतर्गत सम्पूर्ण सीमाक्षेत्र को दिनांक 14 से 22 अप्रैल 2021 रात्रि 12 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। वर्तमान में कोविड-19 पॉजिटीव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला रायगढ़ में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना आवश्यक हो गया है।

कलेक्टर सिंह द्वारा उपरोक्त कन्टेनमेन्ट अवधि में वृद्धि करते हुये रायगढ़ जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 27 अप्रैल 2021 रात्रि 12 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है।

कन्टेनमेन्ट अवधि में जिले के समस्त बैंक कार्यालयीन समय में केवल कार्यालयीन स्टाफ हेतु ए.टी.एम. में नकदी भरने के लिए खोले जा सकेंगे। आम आदमी के लिए प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। सब्जी एवं फल केवल स्ट्रीट वेंडर/ठेले के माध्यम से प्रातः 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक विक्रय करने की अनुमति होगी। सब्जी विक्रेता गांवों के सब्जी उत्पादकों से सब्जी प्राप्त कर सकेंगे। सब्जी बाजार, मंडी या सब्जी/फलों की दुकानों को खोलने की अनुमति नहीं होगी।

खाद्यान्न चावल, गेहूं, आटा, नमक, खाद्य तेल इत्यादि जैसे अत्यावश्यक सामग्री केवल स्ट्रीट वेंडर /ठेले के माध्यम से प्रातः 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक डोर टू डोर/होम डिलवरी करने की अनुमति होगी। दुकान को किसी भी स्थिति में खोलने की अनुमति नहीं होगी। (फल सब्जी एवं खाद्यान्न सामग्री एक साथ स्ट्रीट वेंडर/ठेले के माध्यम से विक्रय किया जावेगा।)

नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्थित पेट्रोल पम्प प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक संचालित की जा सकेगी। नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत से बाहर स्थित पेट्रोल पम्प हेतु समय सीमा का प्रतिबंध नहीं होगा। एल.पी.जी. गैस एजेंसी का संचालन लॉकडाउन से मुक्त रहेगा। संचालक द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से घरेलु गैस सिलेण्डर के वितरण को प्राथमिकता दी जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। कलेक्टर कार्यालय द्वारा 10 अप्रैल 2021 में जारी आदेश की शेष शर्ते एवं निर्देश पूर्ववत यथावत रहेंगे।

## मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 55 हजार पार किये


**रायपुर (आरएनएस)।** आमानाका इलाके के टाटीबंध में मेडिकल दुकान कर्मी के घर में चोरों ने धावा बोलकर नकदी 55 हजार रुपये पार कर दिया। सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। रात में घर में कोई नहीं था, जिसका फायदा चोरों ने उठाया।

पुलिस के मुताबिक अमरजीत सिंह सलूजा रामसागरपारा स्थित दवा दुकान में काम करता है। गुरुवार को उसने कोरोना टीका लगवाया था,जिसके कारण हाथ-पैर में दर्द होने पर बडे भाई सतिन्द्र पाल सिंह सलूजा ने अपने घर में ही सोने कहा। रात करीब नौ बजे घर में ताला लगाकर वह भाई के घर जाकर सो गया था। शुक्रवार सुबह पौने छह बजे घर गया तो दरवाजे का ताला टूटा था। भीतर जाने पर सामान बिखरा हुआ था। एक कमरे में प्लास्टिक के डिब्बे में रखा नकदी करीब 55 हजार रुपये गायब थे। विधानसभा इलाके के बीएसयूपी कालोनी खालबाड़ा में खड़ी वाहन में अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया। इस आग में वाहन जलकर खाक हो गई। शिकायत पर पुलिस ने आगजनी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सब्जी विक्रेता संजय कुमार गिलहरे की वाहन गुरुवार रात को बीएसयूपी कालोनी खालबाडा स्थित घर के सामने रोड के किनारे खडी थी। रात 12 बजे तक सभी लोग जगे थे। शुक्रवार सुबह पांच बजे उठकर देखा तो वाहन का इंजन जला हुआ था। वाहन के डाला में लगे इंजन के ढक्कन को खोलकर किसी ने आग लगाई थी।

## अनावश्यक भीड़भाड़ की स्थिति निर्मित न करते हुए उचित मूल्य दुकानों को सतत रूप से संचालित करने के निर्देश

### » सामाजिक दूरी का पालन करते हुए राशन सामग्री का वितरण करें सुनिश्चित

### » खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आदेश जारी



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशानिर्देश पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा उचित मूल्य दुकानों में अनावश्यक भीड़भाड़ की स्थिति निर्मित न करते हुए सतत राशन सामग्री का वितरण सुनिश्चित करने के दिशानिर्देश दिए गए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित है कि कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु विभिन्न जिलों में लागू किए गए लॉकडाउन के दौरान राशन सामग्री वितरण हेतु कलेक्टर द्वारा निर्धारित कार्य दिवसों एवं समयावधि के दौरान उचित मूल्य दुकानें सतत रूप से संचालित की जावे। प्रत्येक उचित मूल्य दुकान से संलग्न वार्ड, मोहल्ला, गांव के प्रतिदिन 50 से लेकर अधिकतम 80 हितग्राहियों

को टोकन जारी कर राशन सामग्री का वितरण किया जावे ताकि उचित मूल्य दुकान स्तर पर अनावश्यक भीड़-भाड़ जैसी स्थिति निर्मित ना हो एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुए राशन सामग्री का वितरण सुनिश्चित हो सके। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश सभी खाद्य नियंत्रकों एवं खाद्य अधिकारियों को दिए गए हैं।

## कोरबा जिले से लापता मानसिक रूप से कमजोर युवक कनकबीरा में मिला



**रायगढ़।** 12 अप्रैल 2021 को कोरबा जिले के पुलिस चौकी राजगामार से लापता तरुण शर्मा पिता कमला कांत शर्मा उम्र 28 वर्ष को आज चौकी कनकबीरा पुलिस चौकी के बार्डर ग्राम से सकुशल दस्तयाब किया गया है। दिनांक 16.04.2021 की रात्रि में तरूण शर्मा के परिजन चौकी प्रभारी कनकबीरा उप निरीक्षक गिरधारी साव को सारंगढ़ क्षेत्र में तरूण को देखे जाने की सूचना दिये थे।

जानकारी के अनुसार तरूण शर्मा के परिजन चौकी प्रभारी को कॉल कर बताये कि 12 अप्रैल को तरूण को बाइक लेकर घर से कहीं चला गया है, जिसे किसी ने सारंगढ़ क्षेत्र में घूमते देखना बताये हैं कहकर तरूण को उनके चौकी क्षेत्र में खोजबिन करने का निवेदन किये। चौकी प्रभारी गुम युवक और उसके बाइक नम्बर की जानकारी व्हाटसअप पर मंगवाये। तरूण के परिजन काफी भावुक होकर बताये कि तरूण की मानसिक स्थिति कमजोर है, जिस पर चौकी प्रभारी उन्हें आश्वासन दिये कि तरूण मिल जावेगा। आज सुबह चौकी प्रभारी उप निरीक्षक साव ग्राम भ्रमण कर लॉकडाउन व्यवस्था देखने निकले, इस दौरान गांव के पंच, सरपंचों को तरूण का फोटो दिखाकर पूछताछ किये। ग्राम गंधरचुवा में गांव के एक व्यक्ति द्वारा एक लावारिस बाइक को जंगल में देखना बताया तब चौकी प्रभारी जंगल जाकर तस्दीक किये। तरूण शर्मा की बाइक जंगल में मिली पर आसपास तरूण नहीं मिला। चौकी प्रभारी किसी अनहोनी की आशंका कर चौकीक्षेत्र में पाइंट, बेरियर ड्यूटी में लगे स्टाफ को मोबाइल पर तरूण्र की फोटो व्हाटसअप कर पतासाजी करने निर्देशित किये और स्वयं भी तरूण की पतासाजी में जुट गये। तभी सूचना मिली कि कलगीडिपा बार्डर पर बाहर गांव के एक युवक को घूमते देखा गया है, चौकी प्रभारी बिना समय गंवाये कलगीडिपा बार्डर पहुंचे, जहां तरूण मिला। चौकी प्रभारी को तरूण से बातचीत करने पर उसकी मानसिक स्थिति का पता चला। चौकी प्रभारी तरूण को चौकी लाये और उसके परिजनों को तरूण के सकुशल चौकी में होने की जानकारी मोबाईल पर दिये। आज दोपहर तरूण के परिजन चौकी पहुंचे जिनके सुपुर्द तरूण शर्मा को किया गया। तरूण के परिजन चौकी प्रभारी एवं स्टाफ को साधुवाद देकर तरूण को अपने साथ लेकर कोरबा रवाना हुये।

## कंटेन्मेंट जोन में कराई जा रही मुनादी, लोगों को बाहर नहीं निकलने की दी गई समझाइश

### » क्वारेंटीन या होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों की हो रही जांच, लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई





**रायगढ़।** कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु आज दिनांक 17.04.2021 को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायगढ़ के कार्यालय से कन्टेन्मेंट अवधि में वृद्धि करते हुये लॉकडाउन 27.04.2021 के रात्रि 12:00 बजे तक किया गया है। टेस्टिंग से नये संक्रमितों की पहचान हो रही है और कोविड–19 गाइडलाइन के पालन में उस क्षेत्र को कन्टेन्मेंट जोन बनाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन पर आज सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत पहले की तरह थानाक्षेत्र अन्तर्गत प्रभारियों द्वारा क्वारेंटीन/होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों को जाकर चेक किया गया व समझाइश दी गई कि घर पर रहकर गाइडलाइन का पालन करें, किसी प्रकार की परेशानी हो तो स्वास्थ्य विभाग एवं थाने में सूचना देवें, अनावश्यक बाहर न निकलें अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा क्षेत्र में बनाये गये कन्टेन्मेंट जोन में कोटवार व लाउड स्पीकर के माध्यम से मुनादी कराकर लोगों को सचेत किया गया कि कन्टेन्मेंट जोन के बाहर न निकले। स्थानीय प्रशासन व पुलिस हर जरूरत की चीजों की व्यवस्था करेगी, बावजूद बाहर घूमते हैं तो जुर्माने के साथ एफआईआर दर्ज किये जावेंगे।

## कोविड केयर सेंटर्स के लिए कूलर्स की है जरूरत

### » सामाजिक संगठनों, दानदाताओं, उद्योगों से सहयोग की अपील

**रायगढ़ ।** कोविड मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ उनके इलाज के लिए तेजी से व्यवस्थाएं तैयार की जा रही हैं। कोविड केयर सेंटर बनाये जा रहे हैं। जहां मरीजों के उपचार की तमाम सुविधाएं तेजी से जुटायी जा रही हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों के राहत के लिए बड़ी संख्या में कूलर्स की भी जरूरत पड़ रही है। जिला प्रशासन अपने स्तर पर व्यवस्थाएं कर रहा है। इसके साथ ही यदि कोई इच्छुक सामाजिक संगठन, दानदाता एवं उद्योग कोविड केयर सेंटर्स के लिये कूलर का सहयोग प्रदान करना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं।

इसके लिए वे स्वास्थ्य विभाग के नीतिराज सिंह से 9755829991 में संपर्क कर कूलर प्रदान कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक सहयोगियों से अपील किया है कि इस संकट की घड़ी में कोविड मरीजों के उपचार व देखरेख में जल्द से जल्द सभी जरूरी संसाधन जुटाने के लिए आगे आकर सहयोग करें।

# पिकनीक स्पॉट के तर्ज पर विकसित होगा टीपाखोल जलाशय

### » सैलानियों को बोटिंग सहित अन्य वाटर एडवेंचर्स की मिलेगी सुविधा



**रायगढ़।** शहर से 10 किलोमीटर दूर जिंदल वर्मी कंपोस्ट प्लांट से आगे पहाड़ों के बीच टीपाखोल जलाशय को सैलानियों और जिलेवासियों के लिए पिकनीक स्पॉट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। कलेक्टर भीम सिंह व जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल ने टीपाखोल जलाशय का निरीक्षण कर जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को इसके निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने टीपाखोल जलाशय के निरीक्षण के दौरान इसके भौगोलिक परिदृश्य की प्रशंसा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहर के नजदीक और चारों तरफ से पहाड़ों से घिरा हुआ यह जलाशय लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ। इसलिए इसे विकसित कर सैलानियों और जिले वासियों के लिए प्राकृतिक दृश्यों से परिपूर्ण एक अच्छा पिकनिक स्पॉट बनाया जा सकता है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जलाशय की पूर्ण जानकारी ली। जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि टीपाखोल जलाशय का निर्माण 1975 में कराया गया था। 35 हेक्टेयर में बने इस जलाशय के लेफ्ट बैराज केनाल (एलबीसी) से खैरपुर और कृष्णापुर क्षेत्र की सिंचाई होती है, वहीं राइट बैराज केनाल (आरबीसी) से वर्तमान में कालोनी के रूप में विकसित होने से किसी तरह की सिंचाई नहीं होती है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जलाशय में 30 फुट तक पानी भरा रहता है। इससे एलबीसी क्षेत्र को खरीफ और रबी दोनों ही समय पर्याप्त मात्रा में सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में किसी तरह की सुविधा नहीं होने के बाद भी यहां विकेंड पर पिकनीक मनाने आने वालों की भीड़ रहती है। इस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहर से पास होने और मनमोहक प्राकृतिक दृश्य होने के कारण जलाशय को पिकनीक स्पॉट और वाटर एडवेंचर्स के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएं हैं। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जलाशय की पिचिंग वर्क, बोटिंग सहित वाटर एडवेंचर्स को शामिल करते हुए स्टीमेट बनाने और जलाशय को बेहतरीन पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित आसपास के ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से जलाशय तक जाने वाली सड़क का सुधार करने और जलाशय के किनारे रेलिंग लगाने की मांग की। इस पर कलेक्टर सिंह ने रेलिंग वर्क का भी स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नवपदस्थ सहायक कलेक्टर सुश्री रोमा श्रीवास्तव, प्रतीक जैन सहित जलसंसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**मनरेगा से होगी जलाशय परिसर की सफाई–** निरीक्षण के दौरान जलाशय के किनारे और आसपास के क्षेत्र में झाड़ियां उगने और कचरा फैलने की बातें सामने आई। इस पर कलेक्टर सिंह ने जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को मनरेगा के तहत जलाशय परिसर में उगे झाड़ियां, घास व परिसर में पड़े कचरे की सफाई कराने के निर्देश दिए।

**महिला स्व–सहायता समूह को मिले मछली पालन का लाभ–** निरीक्षण के दौरान जलाशय में मछली पालन करने वाली महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों ने कलेक्टर भीम सिंह से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जलाशय में मछली पालन के लिए समुचित व्यवस्था करने की मांग की। इस पर कलेक्टर भीम सिंह ने सहायक संचालक मछली पालन विभाग को समूह की महिलाओं को विभागीय योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480